माँ गौरा सारी दुनियां

\माँ गौरा सारी दुनियां, मनावे तेरे लाल को ॥
मनावे तेरे लाल को, पूजे तेरे लाल को* ।
गौरा सारी दुनियां, मनावे तेरे लाल को ॥

इन्हें मनाने ब्रह्मा जी आए,
ब्रह्माणी को संग में लाए ॥
वेदों के रचईया मईया, पूजे तेरे लाल को ।
माँ गौरा सारी दुनियां, मनावे तेरे लाल को ॥

इन्हें मनाने विष्णु जी आये,
लक्ष्मी जी को संग में लाए ॥
जग के रचईया मईया, पूजे तेरे लाल को ।
गौरा सारी दुनियां, मनावे तेरे लाल को।

इन्हें मनाने भोले जी आए,
संग में मईया तुमको लाए ॥
डमरु के बजईया मईया, पूजे तेरे लाल को ।
माँ गौरा सारी दुनियां, मनावे तेरे लाल को ॥

इन्हें मनाने राम जी आए,
सीता माँ को संग में लाए ॥
धनुष के धरईया मईया,पूजे तेरे लाल को ।
गौरा सारी दुनियां, मनावे तेरे लाल को ॥

इन्हें मनाने कृष्ण जी आए,
राधा जी को संग में लाए ॥
मुरली के बजईया मईया, पूजे तेरे लाल को ।
माँ गौरा सारी दुनियां, मनावे तेरे लाल को ॥

इन्हें मनाने मईया जी आई,
हनुमान को संग में लाई ॥
संकट के कटईया मईया, पूजे तेरे लाल को ।
माँ गौरा सारी दुनियां, मनावे तेरे लाल को ॥

इन्हें मनाने हम भी आए,
ढोलक चिमटा साथ में लाए ॥
भजनो के गवईया मईया, पूजे तेरे लाल को ।
माँ गौरा सारी दुनियां, मनावे तेरे लाल को ॥

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28782/title/maa-gaura-sari-duniya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |